# 'हर जिज्ञासा का समाधान गीता में है'

■ **एनबीटी न्यूज, बल्लभगढ़:** शहर के अग्रवाल कॉलेज में सोमवार को संस्कृत विभाग व हरियाणा संस्कृत अकादमी पंचकूला की ओर से एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी हुई। इसका विषय 'वर्तमान परिप्रेक्ष्य में श्रीमद्भागवत गीता का योगदान' रहा। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृति विश्वविद्यालय नई दिल्ली के संस्कृत व्याकरण विभाग के अध्यक्ष प्रो.कमला भारद्वाज, विद्या भारती के प्रांतीय अध्यक्ष देवप्रसाद भारद्वाज, विशिष्ट अतिथि हरियाणा संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. दिनेश कुमार शास्त्री, मुख्य बीज वक्ता डीएवी कॉलेज, पिहोवा के प्रिंसिपल डॉ.कामदेव झा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.कृष्णकांत गुप्ता ने की।